# 15 छात्रों को मिलेंगे कुलपति पदक

## एचबीटीयू में सात दिसंबर को पहले दीक्षा समारोह में एमटेक व एमसीए छात्रों को मिलेगी उपाधि

जागरण संवाददाता, कानपुर : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के पहले दीक्षा समारोह में 15 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण, कुलपति रजत व कुलपति कांस्य पदक से नवाजा जाएगा। समारोह में एमटेक व एमसीए के 151 छात्र-छात्राओं को डिग्री मिलेगी। इनमें 2016-18 व 2017-19 सत्र के एमटेक छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसके अलावा एमसीए में सत्र 2016-19 के छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। बुधवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इस पर मुहर लगा दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि आइआइटी कानपुर के पूर्व निदेशक प्रो. संजय गोविंद धांडे होंगे।

सात दिसंबर को होने वाले दीक्षा समारोह में डिग्री व पदक दिए जाने वाले छात्रों की सूची एचबीटीयू ने

### दीक्षा समारोह

- आइआइटी कानपुर के पूर्व निदेशक होंगे समारोह के मुख्य अतिथि
- समारोह में 151 छात्र-छात्राओं को डिग्री मिलेगी




की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी, ताकि छात्र-छात्राओं को पदकों को लेकर कोई आपत्ति हो तो उसे दर्ज करा सकें। कुलसचिव प्रो. मनोज शुक्ला ने बताया कि तीन साल पहले स्थापित हुए विश्वविद्यालय का पहला दीक्षा समारोह है। इस समय अंतराल में एमटेक व एमसीए के छात्र पास होकर निकले हैं। इनमें स्कूल ऑफ केमिकल, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग व एमसीए इन तीन वर्गों में मेधावियों को पांच कुलपति स्वर्ण, पांच कुलपति रजत व पांच कुलपति कांस्य पदक दिए जाएंगे।

सभी कैटगरी में चार पदक एमटेक व एक पदक एमसीए का होगा। एमसीए के 55 व एमटेक के 96 छात्रों को डिग्री मिलेगी। कुलपति प्रो. एनबी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रति कुलपति प्रो. करुणाकर सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. सुनील कुमार, एसोसिएट डीन डॉ. ललित कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राम नरेश, प्रो. आरके त्रिवेदी व प्रो. कृष्णराज समेत डीन व काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे।

### कुलाधिपति स्वर्ण पदक पर नहीं बनी बात

बैठक में कुलाधिपति स्वर्ण पदक का प्रस्ताव भी रखा गया। तय किया गया कि यह पदक अगले वर्ष होने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी के दीक्षा समारोह से प्रारंभ किया जाएगा। पहले समारोह में स्नातक के छात्र नहीं हैं।

### चार विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र

फूड टेक्नोलॉजी के छात्र सुमीत गुप्ता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग कंप्यूटर एडेड डिजाइन के छात्र जतिन सचदेवा, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की छात्र विभा मिश्रा व सिविल इंजीनियरिंग के छात्र यशवर्धन सिंह चौहान को प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा। उन्होंने ऑनर्स के साथ एमटेक की परीक्षा पास की है।